Now my second difficulty is about the figure that was given by the honourable Minister to which I wanted to draw his attention. In the Lok Sabha certain honourable Member remarked the looking to the length of the railway track, the population ratio in India is miserably low because, according to his data, it was 100 kilometres per lakh of people whereas according to the Minister's statement in para 11 of his speech, it is not only the second largest in the world under one single management but also becomes one of the most modern. So, now there are two conflicting claims. So far as population pressure is concerned, the figure of 10 kilometres per one lakh of people may not be the lowest but it is miserably low in the world whereas our claim is that is the second largest. Now, I would like to get enlightened on this aspect of the matter.

The third point is about the revenue part. About the revenue part I wanted to give a word of caution to him because I feel that the question must be looked at

from that point of view. The rise in the luggage and parcel freight rates was made by 15 per cent to earn as additional Rs. 320 crores in the last four months of this financial year. It was expected that there would be no increase in freight and passenger fares in this budget and this expectation was further confirmed by the recent announcement that the Indian Railways Finance Corporation would raise a sum of Rs. 250 crores through public borrowings. It is primarily the 15 per cent freight increase that has allowed the Railway Bhavan to absorb the additional wage burden of Rs. 462 crores on account of the Fourth Pay Commission marginally increase the appropriation to the Depreciation Reserve Fund from Rs. 1,250 crores to Rs. 1,350 crores, pay the full dividend of Rs. 642 crores to the Government and still show a surplus of Rs. 69 crores for 1987-88. What my learned friend was saying is factually not correct because we have paid the dividend to the tune of Rs. 652 crores. The question arises about this. The improved operational efficiency will make only a small contribution to the railway's net traffic receipts which the hon. Minister was mentioning. Nevertheless, it must be granted that the efficiency has been rising in the recent years mainly on account of better management of the bulk freight traffic on the trunk routes. And in the first nine months of 1986-87, the net tonne kilometre per wagon per day (broad gauge) index has risen by 5 per cent to 1,350.

There is also no denying that the performance of the Railways in respect of originating revenue-earning freight movement has improved in the current year. The annual target is likely to be exceeded by about 5 million tonnes in 1986-87. There is no reason why the Minister should not expect to be able to add more than 15 million tonnes to the figure when the current year's addition is projected at 13.5 million tonnes over 1985-86. By setting a higher figure the Railways could have realistically hoped to raise more funds with which to finance their long delayed but urgently needed plans for acquisition of more rolling stock, track renewal and electrification. In each case this is the problem. The Railways have slipped behind the Plan. I think that would be the main question which the Minister has to bother about. In the case of track renewal the target has been raised from 3,800 km. to 4,200 km., but that is well below the Seventh Plan annual average of 5,000 km. In respect of electrification too, the 1987-88 target of 670 km. is below the Plan norm. It is difficult to see how, despite their improved performance, the Railways can fulfill the Plan target, in other words, to do the minimum that is needed for capital replacement and modernisation.

Now I will come to a few general suggestions. (*Time bell rings*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH KUMAR SAHU): Please conclude within one or two minutes.

SHRI BIR BHADRA PRATAP SINGH: Yes. That is the whole misfortune. In the General Budget I was given ten minutes only. In this also I have got ten minutes.

Anyway, a few suggestions about regional improvements, I wanted to make. I will leave the general suggestions.

It has been said in this House and many have supported it that the conversion between Bhatni and Varanasi should be given more funds. Otherwise, if it is delayed, the traffic on this route would be held up. You have converted Chhapra-Gorakhpur-Lucknow route. But you have introduced only one train. First it was the Jayanti Janata, and now it is the Vaishali. And one train which was started hardly two months ago, has been cancelled. Now what is the result? There are 400 passengers each morning standing at the Gorakhpur

[Shri Bir Bhadra Pratap Singh]

station. There are hardly two booking windows which can cater to 300 persons and 100 persons go unattended. What will be the state of mind of the passengers on that route? Yes, you have converted this, all right. But you are running only one train. Where is the solution to this problem? I am telling you that this region is the highest populated area. The traffic requirements are very great. Yet at other routes you are not converting. I have requested the hon. Railway Minister time and again to please convert the alternative route between Chhapra-Balia-Mau-Azhamgarh-Shahganj. This could have provided an alternative route and would have lessened the pressure, but he has not done even that. So, please consider two or three suggestions.

5 P.M.

The Sunday train that was started hardly a month or two ago should be renewed. In case on this route between Chhapra-Balia-Mau- Azhamgarh-Shahganj you cannot grant conversion in years to come, at least provide some faster and better trains. The trains are in a very bad shape. First class coaches have no cushions. Second class are a bit better. Hardly there are two berths in the First class. The trains run five to six hours behind schedule because of chain pulling which has become inevitable everywhere. So, my suggestion to the hon. Minister is that because of conversions on other routes so many trains have become free. Why don't you utilise these trains to run on these rails and run many more trains? If they could not cover at least by the other route, they could come from Chhapra to Shahganj and get better facilities.

Now one word about the model railway stations. The hon. Minister said these are sixty-seven in number. When I asked about the places he is choosing, I came to know that he is choosing advanced stations only. You choose Delhi, Kanpur, Lucknow, Varanasi. What is the use of choosing these stations? The concept of model railway station was introduced to improve the backward region railway stations. Instead of doing that, the hon. Minister replied to me that they have chosen the backward region stations like Gorakhpur. Probably the hon. Minister does not know that Gorakhpur Railway station was the railway headquarter during the British days. Even now northern headquater is there. So, you must concentrate model railway stations in really backward railway stations. So, you must know what is backward and what is forward.

श्री सूरज प्रसाद (बिहार) : महोदय, रेलवे बजट पर कितने लोगों ने भाषण किया खासकर कांग्रेस बेन्च की ओर से, उन तमाम लोगों ने प्रशंसा के पुल बांध दिये थे। मैं कल्पनाथ राय जी का पहला भाषण सुन रहा था तो लगा कि सब जगह उनको हरियाली ही हरियाली दिखाई पड़ती है लेकिन बजट को अगर देखा जाये... (व्यवधान) इनको सुनते हैं काफी पैसा मिल गया है ... (व्यवधान) लेकिन इस बजट में ज्यादा जिस बात की प्रशंसा की गयी है उसमें यह है कि यह बजट बचत का बजट है। लेकिन सचमुच में यह बजट जो बचत का बजट है यह रेलवे विभाग की निपुणता या गुणवत्ता की वजह से नहीं है। अगर नवम्बर महीने में 320 करोड़ के नये बोझ हिन्दुस्तान की जनता पर नहीं लादे गये होते तो यह बजट घाटे का बजट होता। इसलिये इस बात के लिये रेलवे विभाग की कोई तारीफ की जाये तो वह कोई तारीफ नहीं है, हां निपुणता और गुणवत्ता के चलते यह लाभ या यह बचत हुई होती तो यह बात ठीक होती। इस बजट में नये कर नहीं लगाये गये है इसके लिये भी प्रशंसा की गयी है लेकिन हम लोग देखते यह हैं कि रेल भवन के झरोखे से नये बोझ झांक रहे है और नये कर लोगों पर लदेंगे आने वाले दिनों में। रेलवे विभाग की सफलता की जांच इस बात से की जाएगी कि रेलवे विभाग का परिचालन, ऑपरेटिंग रेश्यो क्या है अगर यह देखा जाए तो इसी साल का ऑपरेटिंग गत साल की तुलना में 1 प्रतिशत घटा है। इसको उपलब्धि माना जा सकता है लेकिन और लोगों के बारे में अगर देखा

जाए तो लगता यह है कि ओपरेटिंग रेश्यो और रेलों में ह्रास हुआ है । अगर पूर्व रेलवे को देखा जाए तो पूर्व रेलवे का ओपरेटिंग रेश्यो 109.8 प्रतिशत है और यह 1981 में 107 परसेंट था । 107 परसेंट से बढ़कर 109.8 प्रतिशत हो गया है । उसी तरह से उत्तर रेलवे को देखा जाए तो अभी उसका ओपरेटिंग रेश्यो 174.6 प्रतिशत है दक्षिण रेलवे का ओपरेटिंग रेश्यो 179.4 प्रतिशत है और नार्थ फ्रंटीयर रेलवे का 196.1 प्रतिशत है । इससे लगता यह है कि यह चार रेलवे जो भारत सरकार का रेल विभाग चलाता है यह चारों रेल विभाग से अधिक खर्च और कम इसकी उपलब्धि होती है और यह कोई आज से नहीं है अभी तो पहले का हम लोगों को फिगर प्राप्त नहीं है लेकिन 1981 से उपलब्ध हैं और उससे लगता यह है कि तबसे इसमें ह्रास जारी है । हो सकता है कि इसमें पहले से भी ह्रास हो? इस साल के 192.3 परसेंट की अगर प्रशंसा की जा सकती है लेकिन देखने को मिलता है कि 1965-66 और 1963-64 में रेलवे का ओपरेटिंग रेश्यो 74.7 प्रतिशत था और अगर इस समय देखा जाए तो यह बढ़ा है । इसलिए इस बात के लिए भी मैं कहूंगा कि रेल विभाग इस बात की जांच करे और अपने खर्च को घटाए ताकि ओपरेटिंग रेश्यो इन लाइनों में भी प्रगति कर सके । दूसरी बात इस संबंध में मैं कहना चाहूंगा कि रेल विभाग बार-बार यह कहता है कि हमारे पास साधनों की कमी है लेकिन देखने से लगता यह है कि 1985-86 में रेल विभाग को 2056 करोड़ रुपया दिया गया था, उसने खर्च कितना किया, एक वर्ष के दौरान में जबकि हमारे यही मंत्री थे, 1941 करोड़ रुपया और इतना ही रुपया सरकार का 1985-86 में रेल विभाग ने खर्च किया । 100 करोड़ रुपया रेल विभाग खर्च नहीं कर सका । यह कोई रेल विभाग की एफीशियेंसी, उसकी गुणवत्ता का बखान नहीं है । दूसरी तरफ अगर हम देखें कि इन वर्षों में सरकार ने क्या ढुलाई की है तो ढुलाई के क्षेत्र में 1985-86 में सरकार को 91.90 मिलियन टन कोयला ढोना था लेकिन उसने 78.80 मिलियन टन कोयला ढोया । उसी तरह से दूसरे क्षेत्रों में भी ढुलाई में कमी हुई है । लोहा कारखाने के लिए कच्चे माल में भी ढुलाई कम हुई है। सीमेंट में भी कम हुई है और खाद में भी ढुलाई कम हुई है । ये बातें इंगित करती हैं कि रेल विभाग ने जो काम लिया और उसने जो लक्ष्य निर्धारित किया वह लक्ष्य भी रेल विभाग पूरा करने में असफल रहा । . . . (व्यवधान)

श्री जगेश देसाई (महाराष्ट्र) : अगले साल से ज्यादा हुआ ।

श्री सूरज प्रसाद : अगले साल में कितना हुआ यह तो जब आंकड़े पेश किए जायेंगे तब पता चलेगा । लेकिन जो आंकड़े दिए गए हैं मैं तो वही पेश कर रहा हूं । जहां तक रेलवे के आधुनिकीकरण और विद्युतीकरण का प्रश्न है अगर 1985-86 और 1986-87 दोनों को मिला करके देखा जाए तो जो लक्ष्य निर्धारित हुआ है इन दोनों में वह असफल रहा है । दोनों में उन्होंने पूरा नहीं किया है । यह बात कोई आज की ही नहीं है । अगर छठी पंचवर्षीय योजना को देखा जाय तो छठी पंचवर्षीय योजना में जो लक्ष्य रेलों का निर्धारित किया गया था, उसमें से काफी लक्ष्यों को इसने पूरा नहीं किया है । खरीद की बात आती है, कोच खरीद का लक्ष्य था 5680 और खरीद किया 500 लाइन का नवीनीकरण का लक्ष्य था 14,000 किलोमीटर और किया 9,700 किलो मीटर, इसी प्रकार विद्युतीकरण का लक्ष्य था 2800 किलोमीटर का, किया 1522 किलोमीटर । इससे लगता है कि सब कुछ रेलों के अंदर अच्छी बातें नहीं हुई हैं, काफी उसकी नकारात्मक बातें हुई हैं, इस ओर का रेलों को ध्यान देना चाहिए ।

महोदय, अब इसमें समय पालन की बात कही गयी है । अगर किसी भी रेलवे स्टेशन पर हम खड़े हो जाते हैं या बैठ जाते हैं कुछ मिनिट के लिये तो रेलवे की ओर से जो घोषणायें होती हैं, उसमें हरेक रेल के बारे में जो घोषणा होती है, उसमें शायद ही किसी गाड़ी के बारे में यह घोषणा होती है । कि गाड़ी समय पर आ रही है वरना तमाम

[श्री सूरज प्रसाद]

गाड़ियों के बारे में हमको सूचना दी जाती है कि यह गाड़ी एक घंटा लेट है, यह गाड़ी दो घंटा लेट है, यह गाड़ी तीन घंटा लेट है और जिस गाड़ी की सूचना होती है कि यह गाड़ी समय पर आने वाली है तो वह भी गाड़ी जब स्टेशन पर पहुंचती है तो कोई घंटा या 45 मिनिट या 20 मिनिट लेट ही पहुंचती है। सरकार ने स्वयं जो सूचनायें हम लोगों की दी हैं, उसमें वह स्वयं इस बात को मानते हैं कि हमारी गाड़ियों का समय-पालन 99.9 प्रतिशत है। यह भी इस बात का संकेत है कि सरकार की रेलवे विभाग की कोई भी गाड़ी समय पर नहीं पहुंचती है।

महोदय, अगर उसी तरह से हम रेल में भीड़ को देखें तो इस संबंध में रेल विभाग का कहना है कि हमारी ओक्यूपेंसी रेसियो हण्डरेड परसेंट से ज्यादा है। इसका क्या मतलब हुआ? यह कि रेल में भीड़ ज्यादा होती है। और यह क्यों हो जाती है? क्योंकि आपके स्लीपर में 75 सीट हैं और स्लीपर में वेटिंग-लिस्ट में 50 आदमी को टिकिट जारी कर दिया जाता है और इससे तमाम लोग स्लीपर में घुस जाते हैं। अब भीड़ होगी या नहीं? भीड़ कराने की एक नई खिड़की आपने और खोल दी है—रिजर्वेशन अगेन्सट केन्सललेशन। यह एक नई खिड़की खोल दी गयी है भीड़ को बढ़ाने के लिये। अब अगर मान लीजिये कोई केन्सलेशन नहीं हुआ, तो रेल के डिब्बे में तो घुस जाती है भीड़। इसी प्रकार ए0 सी0 और फर्स्ट क्लास में भी देखने को मिलता है। इसलिये रेल के अन्दर भीड़ को बढ़ाना, यह इस बात का संकेत है कि रेलवे विभाग की जितनी रेलें होनी चाहियें, उतनी रेलें आज नहीं चलती हैं। अगर भीड़ को कम करना है तो मेरा सुझाव यह होगा, कि सरकार को रेलों की संख्या बढ़ानी चाहिये। ... (**समय की घंटी**) ...

आपने तो हमारी घंटी बजा दी। एकाध बात और कहूंगा। कितना समय है....

उपसभाध्यक्ष (श्री संतोष कुमार साहू): दो मिनिट में आप बोल लें।

श्री सूरज प्रसाद: नहीं, थोड़ा और दीजिएगा। तो सरकार का जो रेल विभाग है, यह ठेकेदारों का चारागाह है, यह उनके चरने की जगह है। रेल विभाग द्वारा कई ऐसी चीजें खोल दी गयी हैं, जहां ठेकेदार रेल विभाग के रुपये को लूट लेते हैं। जैसे आजकल रेलों में सीमेंट के स्लीपर बढ़ाये जा रहे हैं, यह कौन बनाता है? हमको जो जानकारी है, उसके अनुसार सरकार के दो यूनिट हैं स्लीपर बनाने के और जो भी यूनिट हैं उसमें ठेकेदार बनाते हैं और करोड़ों रुपये वह लूट लेते हैं। अब रेलवे में अल्यूमिनियम फूड पैकेट शुरु किये हैं, यह कौन बनाता है? रेल विभाग यह नहीं बनाता, यह मंत्री जी जिसको ठेका देते हैं, वह बनाता है। इसी प्रकार से अनेक पुल और दूसरी चीजें रेल विभाग द्वारा बनाई जाती हैं, जिसमें करोड़ों-अरबों रुपया खर्च होता है और ठेकेदार उसमें लूट लेते हैं और दूसरी तरफ सरकार कहती है, रेल विभाग कहता है कि साधन हमारे पास नहीं है। सरकार बहुत से काम अपने आप ही करती है, जैसे रेलवे कंस्ट्रक्शन लिमिटेड नामक एक संस्था है, जो विदेशों में काम करती है और अभी जो बजट पेश किया गया है, उसमें दिखाया गया है कि यह संस्था मुनाफा कमाती है। अगर सरकार इस तरह की संस्था से देश में भी काम कराती रहे तो काफी साधन जमा किया जा सकता है विकास का। जहां तक रेलों में आत्मनिर्भरता का प्रश्न है, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि ऐसी अनेक जगहें हैं जहां पर कि रेल इंजिन और डीजल इंजिन के लिये पुर्जे बनते हैं लेकिन आज ये विदेश से मंगाये जाते हैं (**समय की घंटी**) ....

अंत में एक दो बातें कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। महोदय, पूर्वोत्तर रेलवे के गड़हारा ट्रांसशिपमेंट में 246 मजदूरों को स्थाई करने के लिये रेलवे बोर्ड द्वारा आदेश दे दिये गये हैं, लेकिन अभी तक उनको स्थाई नहीं

किया गया है। मेरा निवेदन है कि उनको स्थाई किया जाये। वहां पर रेलवे बोर्ड के प्रबंध के अनुसार अस्थाई मजदूरों को अपग्रेड करना चाहिये। 400 मजदूरों को वहां पर फाजिल करने की जो साजिश की जा रही है उसको समाप्त करना चाहिये। इसी तरह से जो परिवार वहां पर पेंशन पाने के हकदार हैं उनको परिवार पेंशन और ग्रेच्युएटी दी जानी चाहियें। जोखिम भरे काम के लिये उन्हें विशेष वेतन दिया जाना चाहिये।

महोदय, पटना-गया लाइन को डबल किया जाना चाहिये। जनता एक्सप्रेस और अपर इंडिया ऐक्सप्रेस जो सैनिक अभ्यास के दरमियान में बंद हो गये थे उनको फिर से चालू किया जाये। आरा से सासाराम तथा फतुआ रतलामपुर रेल लाइन को बड़ी लाइन में तब्दील किया जाना चाहिये। इसी तरह से समस्तीपुर-दरभंगा लाइन को भी बड़ी लाइन में तब्दील किया जाना चाहिये। इन्हीं शब्दों के साथ में अपनी बात समाप्त करता हूं।

KUMARI SUSHILA TIRIA (Orissa): Mr. Vice-Chairman, I rise to support the Railway Budget for 1987-88 presented by the honourable Railway Minister, Shri Madhavrao Scindia. Speaking on the Railway Budget I would naturally like to emphasise about the State of Orissa from where I come. In Orissa there are thirteen districts and all the thirteen districts are populated by tribals. Therefore, I would like to draw attention to the development of the tribal districts. I have been a teacher and I know how the tribal people, the tribal children, the tribal students, are suffering in these districts. I shall narrate my own experience of the backward condition. When I asked one of the tribal students if he had seen a train, the student said he had seen a train and the wheels of the train were made of rubber. I am, therefore, glad that in this year's Budget emphasis has been laid on the upliftment of the poor and backward people of the country and of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. It is unfortunate that these backward class people and tribal people have remained poor because of lack of proper education. Without education how is the Government going to implement the schemes of development works? I would also like to bring to your attention that in Mayurbhani district there is one border railway line, Roopsa-Bangriposi, and there is another railway line, Padampad-Tata, both of which were stated to be on the closure list as being uneconomical. When I had put a question to the Railway Minister in this House, he replied that these lines were going to be closed as being uneconomical railway lines Now I ask: when you lay emphasis on the development and upliftment of the poor people, of the poor tribals, of these areas, why then do you propose closing these railway lines as being uneconomical? Sir, I want to inform this House and also the Minister of Railways that the Badampahar-Tatanagar local passenger train is very irregular. Sometime it comes to Badampahar at 9.00 A.M., sometimes at 6.00 A.M., and sometime it does not come at all. This train runs through a tribal area. I would like to tell the Minister that the people of this region are suffering and are facing a lot of problems. So, I would request the Minister to see that this train runs at regular timings. Also, this line should be converted into a BG line. Sir, Joshipur is one of the tourist places in Orissa. I am interested in this place and it is a nice place from the point of view of tourism. There are crocodile projects and tiger projects in this region and the Simlipal National Park also is there. If the Badampahar-Tatanagar local train and the Rupsa-Bangriposi train are extended to Joshipur, the richness of Simlipal would come into limelight.

In this connection, I would like to mention something about Poolbani area where there is no railway line

[Kumari Sushila Tiria]

at all. During the last visit of the Prime Minister, he himself felt the need to provide a railway line in this area. Sir, it is reported in some local Oriya newspapers that there is a conspiracy going on at higher levels to shift the proposed second Railway Divisional Headquarters from Sambalpur to some other place. This is a matter of very great regret. This year only a token amount of Rs. 65 lakhs has been sanctioned for this. It is true that it is not sufficient to speed up this project. My earnest appeal to the honourable Railway Minister is that he should take up this matter seriously and provide some more funds in the coming Supplementary Budget. However, these necessary works can be started soon. I would also request the honourable Minister to give special attention to the improvement of the Talcher-Sambalpur line and also to provide one super fast train, Rajdhani Express with limited stoppages, which should run between the capital of Orissa, that is, Bhubaneswar and New Delhi. I would be grateful if the honourable Minister of Railways could provide one AC two-tier coach in the Neelnachal Express and also in the Puri-New Delhi Express. The catering sedvice in these trains also needs to be improved. These trains run through many decoit-infested areas and areas where robberies and thefts take place. So, this fact should be kept in mind and proper patrolling should be arranged in these trains.

Lastly, Sir, I am glad to mention that during this period the number of railway accidents has come down and the Minister has taken the necessary steps to improve the overall performance of the Railways for which I am thankful to him. I congratulate him and I support the Railway Budget wholeheartedly. Thank you, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH KUMAR SAHU): Congratulations for the maiden speech!

श्री महेन्द्र मोहन मिश्र (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, यह जो बचत का रेलवे बजट सदन में प्रस्तुत किया गया है, इसके लिए मैं मंत्री जी को, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, सदस्यों और कर्मचारियों को धन्यवाद देता हूं । सब लोगों की निष्ठा, कार्यकुशलता और वित्तीय व्यवस्था में उनकी दक्षता के कारण ही यह बचत का रेल बजट बनाया जा सका है । इस बचत के बजट से आम लोगों में यह धारणा बढ़ती जा रही है कि माल भाड़े और पैसेन्जर्स के किराये में कोई वृद्धि नहीं की गई है, लेकिन उनकी सुविधाएं बढ़ती जा रही है । हमारे विरोधी दल के सदस्यों ने कहा कि यह जगलरी आफ फीगर्स है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि ऐसी बात नहीं है । हमने 570 करोड़ रुपये रेवेन्यु में दिये हैं और घाटे को भी पूरा किया है । हमने 69 करोड़ की बचत की है । रेलवे से मेरा पिछले 10 वर्षों से संबंध रहा है । चाहे रेलवे मलाहकार समिति हो, रेलवे कंवेन्शन कमेटी के सदस्य के रूप में हो, रेलवे की कार्यप्रणाली को मैंने काफी अच्छी तरह से समझा है और मैं यह दावे के साथ कह सकता हूं कि इस वर्ष जो रेलवे बजट हमारे सामने पेश किया गया है, यह बहुत ही लाभकारी बजट है । यह ठीक है कि हमारे सामने वित्त की कमी है । यह ठीक है कि हम जिस अनुपात में रेलों की प्रगति चाहते है, जिस अनुपात में हम बैकवर्ड एरियाज में लाइनें बिछाना चाहते है, जिस अनुपात में हम रेलों का नवीनीकरण करना चाहते है, जिस अनुपात में इलैक्ट्रिफिकेशन करना चाहते है, उस अनुपात में हम नहीं कर पा रहे हैं । इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि हमारे पास अर्थ की कमी है । दुनिया में हमारा रेलवे सिस्टम सबसे बड़ा है और दूसरे नम्बर पर है । 62 हजार किलोमीटर इसका ट्रेक है । इसमें 18 लाख कर्मचारी काम करते है । यह पब्लिक सेक्टर का सबसे बड़ा इन्टरप्राइज है । इतने बड़े पब्लिक अन्डरटेकिंग की जिस प्रकार से हमारे देश में व्यवस्था की जाती है वह हम सब के लिए प्रशंसा की बात है । इसके लिए हमारे रेल मंत्री जी, नवजवान रेल मंत्री जी, कर्मचारी, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्य, सब प्रशंसा के पात्र

है । उन लोगों की कुशलता और दक्षता से हम रेलों को 21वीं शताब्दी में ले जाएंगे और इसका आधुनिकीकरण करेंगे । इसके लिए हमने मास्टर प्लान बनाया है। यह 45 हजार करोड़ रुपयों की प्रोजेक्ट है । 20 हजार करोड़ हम अपने इंटरनल रिसोर्सेज से प्राप्त करेंगे । हमारा लक्ष्य रेलों का अधिक से अधिक विकास करने का है ।

महोदय, मैं आपका ध्यान दो तीन बातों की ओर दिलाना चाहूंगा । रेलों में सेफ्टी, सेक्योरिटी और पंक्चुएलिटी ये तीन मुख्य बातें है । आपने रेलों में किराया नहीं बढ़ाया है, यह अच्छी बात है । लेकिन सेफ्टी, सेक्योरिटी और पंक्चुएलिटी की तरफ विशेष ध्यान देने की जरूरत है । मैं मानता हूं कि रेलों के काम में निरन्तर सुधार हो रहा है और काफी गाड़ियां अब टाइम पर चल रही है । हम लोग कल ही मगध एक्सप्रेस से आ रहे थे तो वह दिल्ली एक मिनट पहले ही पहुंच गई । हम 10-12 एम० पीज० उसमें आ रहे थे । सब ने कहा कि यह एक अजीबबात हुई है । इमरजेन्सी की तरह से पंक्च्युएलिटी हो गई है । कुछ गाड़ियां अभी भी देर से पहुंचती है । लेकिन उसके कुछ रिजन्स हैं । करीब 10 हजार हमारे पास इंजिन्स हैं । हमारे पास पुराने और स्टीम के इंजिन हैं । डीजल के और इलेक्ट्रिक इंजनों की हमारे पास कमी है । हमारे अधिकांश इंजिन्स और डिब्बे बूढ़े हो गये हैं । ऐसी परिस्थिति में उनको समय पर चलाना कठिन हो जाता है । हमारे गांव में भी बहुत से लोग ऐसे थे जो गाड़ी पर नहीं चढ़े थे । जो 20-25 मील दूर रहने वाला है वह भी अब गाड़ी पर महीने में दस बार चढ़ता है, ट्रैफिक काफी बढ़ा है । पंक्चुएलिटी के बारे में जो आप अच्छा काम कर रहे हैं इसमें और भी सुधार लायें । जो सबरबन ट्रेन हैं, मेन लाइन से हटकर जो क्षेत्र हैं, वहां पर जो गाड़ियां चलती हैं उन गाड़ियों को समय पर चलाने के लिये और उनको डिब्बों की सुविधा देने के ऊपर आपको विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए । इसकी ओर कुछ कम ध्यान दिया जा रहा है । हो सकता है कि साधनों की कमी हो । लेकिन मैं चाहूंगा कि रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड और रेलवे अधिकारी इस पर विशेष ध्यान दें । मेन लाइन से हटकेर देहातों में यातायात के इतने अच्छे साधन नहीं हैं । ऐसे ही क्षेत्र हमारे नार्थ बिहार का है जिसकी तरफ मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । यह क्षेत्र देश में बहुत ही डेंस पापुलेटेड, घनी आबादी का क्षेत्र है । लेकिन यह यातायात के मामले में बहुत ही पिछड़ा हुआ है । यह बात सभी जानते है कि आज से बहुत पहले 1950-51 में योजना बनी थी और 70-71 में हमारे भूतपूर्व रेल मंत्री ललित बाबू ने बरौनी से लेकर बारांबंकी तक की रेल लाइन को ब्राड गेज में कन्वर्ट किया था । हम चाहते हैं कि उत्तरी बिहार अन्य क्षेत्रों से जुड़ा रहे इसी तरह जो पूर्व, मध्यवर्ती और साउथ का जो इलाका है इसकी तरफ मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं और आशा करता हूं कि आप इस क्षेत्रों की ओर ध्यान देंगे ।

जो सेक्युरिटी का मामला है यह एक बड़ी जटिल समस्या है । जब प्रश्न उठता है तो हमारे रेलवे विभाग के लोग कहते हैं कि यह राज्यों की समस्या है । यह बात सही है कि ला एंड आर्डर प्रदेशों की समस्या है, इसलिये मैं चाहता हूं कि हमारे रेल मंत्री प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से निश्चित तौर से बात करें और उनसे स्पष्ट कहें कि अगर अपने प्रदेश में आप गाड़ियों को सुरक्षित ढंग से ले जाने का विश्वास नहीं दिलाते हैं, आश्वासन नहीं देते है, अगर ऐसी व्यवस्था आप नहीं कर सकते हैं तो हम अच्छी से अच्छी गाड़ियां आपके प्रदेश को नहीं दे सकते हैं । रेल मंत्रालय का जी०आर०पी० पर 50 प्रतिशत नियंत्रण है । मैं आर०पी०एफ० और जी०आर०पी० का जो ड्यूल एडमिनिस्ट्रेशन है उसके खिलाफ हूं मैं चाहता है कि कोई ऐसी व्यवस्था हो जिससे यह ड्यूल एडमिनिस्ट्रेशन खत्म हो । इसके दो मालिक होते हैं । एक मालिक होता है जी०आर०पी० का प्रान्तीय सरकार के

[श्री महेन्द्र मोहन मिश्र]

लोग और दूसरा मालिक है आपका रेलवे प्रशासन । लेकिन उनके करेक्टर रोल का सिफारिश करती है स्टेट गवर्नमेंट । मैं चाहूंगा कि उन लोगों के करेक्टर रोल की अनुशंसा, उनके प्रोमोशन आदि की हकदार आपका रेलवे मंत्रालय हो । मैं जानता हूं एक ऐसे एस०आर०सी० को जो डी०आर०एम० को धमकी देता है । इसका कारण ड्यूल एडमिनिस्ट्रेशन है । मैं चाहूंगा कि रेल मंत्रालय इस संबंध में प्रधानमंत्री जी से बात करे और इस ड्यूल एडमिनिस्ट्रेशन को खत्म कराये । कभी कभी आप देख सकते हैं कि इसके कारण सारा एडमिनिस्ट्रेशन पैरालाइज हो जाता है । महोदय, मैं आपका विशेष वक्त नहीं लूंगा, अब मैं अपने क्षेत्र के बारे में कुछ कहना चाहूंगा । मैं गत दस वर्षों से अपने क्षेत्र के बारे में बराबर बोलता रहा हूं कुछ काम हुए है और कुछ काम नहीं भी हुए है ।

महोदय, सबसे पहले मैं खिलौनी बगाह जिसके बारे में यहां पर काफी चर्चा हो चुकी है, श्री कल्पनाथ राय जी भी कह चुके हैं, उसके बारे में कहना चाहता हूं । यह बहुत पुराना आन्दोलन के वक्त का है और जब आजादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी उस वक्त यह था । यह टूट गया और उसके टूटने के बाद नहीं बना । बाद में श्रीमती इंदिरा गांधी ने इसका शिलान्यास भी किया, इसका सर्वेक्षण भी हुआ और बिहार और उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्रियों ने भी वायदा किया था रेल मंत्री जी से कि वे इस योजना के लिये कितनी आर्थिक सहायता दे सकेंगे, कितनी आर्थिक सहायता वे मुहैया कर सकेंगे । मैं चाहूंगा कि खिलौनी बगाह लाइन को फिर रीस्टोर करने के लिये आप आवश्यक कदम उठाये, इसको रिस्टोर करने का मंतव्य आप बनायें । उसी तरह हमारे कल्पनाथ राय जी ने भटनी और बनारस की बात कही । इस पर अर्थ वर्क हो गया है, मिट्टी का काम हो चुका है और रेल का ट्रैक देना है । ऐसी स्थिति हो गई है कि कहीं पर मीटर गेज है तो कहीं पर ब्राड गेज का काम हो गया है । इसलिए मेरा कहना यह है कि इस कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए । जिन क्षेत्रों में ब्राड गेज का कनवर्शन हो गया है भटनी से बनारस में इस कार्य को निश्चित तौर पर दो सालों में जैसे कि वायदा किया गया है पूरा किया जाए । आपको एक निश्चित अवधि देनी चाहिये, इस अवधि में भटनी-बनारस का कार्य पूरा हो जायेगा । जहां तक उत्तर बिहार का सम्बन्ध है इस विषय में यातायात के प्रश्न को लेकर काफ लोगों ने आन्दोलन भी किया । यह बात सही है कि उत्तर बिहार में जो समुचित विकास होना चाहिये रेलवे का वह नहीं हो रहा है । इस में कोई दो मत नहीं हैं । मैं चाहूंगा कि इस क्षेत्र में ब्राड गेज लाइन होने से यह मेनस्ट्रीम में आ जाएगा अन्यथा जो इस क्षेत्र का आर्थिक विकास होना चाहिये वह नहीं हो पाता है । एक गाड़ है जिससे हम दिल्ली की ओर आते हैं और यहां के व्यापारी भी उधर जाते हैं । उस ट्रेन से ट्रेवल करें, अभी सुविधा कुछ बढ़ी है, दो ठो ए०स० डिब्बे बढ़े हैं लेकिन जो ट्रैफिक उस क्षेत्र का है वह बहुत ज्यादा है । आपने दिल्ली और नार्थ बिहार तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश से आने वाले ट्रैफिक का सर्वेक्षण कराएं तो आपको यह पता चलेगा कि यह ट्रैफिक इतना ज्यादा है कि अगर चार सौ गाड़ियां भी चलाई जाएं तो भी पूरी नहीं होंगी । इस क्षेत्र में यात्रियों को ओवर-क्राउडिंग है । इसलिए मैं चाहूंगा जिस अवध आसाम मेल गाड़ी को इंडो पाक एग्रेशन के खतरे के कारण विदड्रा कर लिया गया था उसको आप तुरन्त चालू करें और चालू करने के बाद उसको नित्य प्रतिदिन चलाएं चलाएं क्योंकि वह गाड़ी एक सप्ताह में चार दिन चलती थी ताकि दिल्ली से गोहाटी आसानी से जा सकें । बिहार में दुमका हजारीबाग जिलों में आजादी के बाद रेलवे का समुचित विकास नहीं किया गया । दुमका जिला जो ट्राइबल जिला है हजारीबाग आदिवासियों का जिला है उस क्षेत्र में रेल हैड अभी तक नहीं गया है । सर्वेक्षण का काम हो चुका है, सर्वेक्षण से लोग समझते हैं

कुछ नहीं हो पाता है । लोग समझते हैं हल्ला करने से कुछ हो सकता है और इसी से ही कुछ राशि आप आबंटित करते हैं । मैं चाहता हूं कि रेल मंत्री जी इस बार स्पष्ट करें कि दुमका और हजारीबाग जिले में जहां रेल हैड अभी तक नहीं गया है उसको व्यवस्था वे करेंगे । मैं चाहूंगा कि पटना का गंगा का जो रेल ब्रिज है उत्तर बिहार के 18 जिले हैं उनका आवागमन इस गंगा ब्रिज से होता है जो अभी खुला है । रेल हैड के लिये बात चली थी कि इसे रेल हैड पर होना चाहिये मैं चाहूंगा कि इसके द्वारा उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार को जोड़ने की व्यवस्था की जानी चाहिये । आरा-सासाराम के बारे में जैसे कि सूरज बाबू ने कहा भी कि आरा सासाराम का जितना क्षेत्र है इस क्षेत्र में अभी तक लोगों को बस के द्वारा आना-जाना पड़ता है । वहां लाइट रेलवे थी तो उसको गवर्नमेंट ने ले लिया। यह ठीक है कि काफी हमारे लोग उस में आ गये लेकिन उसको भी रिस्टोर करने की बात आपको करनी चाहिये । मैं चाहूंगा कि महानगरी एक्सप्रेस जो बनारस से बम्बई जाती है, हमारी बिहार सरकार ने भी मेमोरेंडम दिया है, मुख्य मंत्री जी ने कहा है कि उस ट्रेन को आप पटना तक एक्सटेंड कर दें । इस तरह से डेली पटना से बम्बई को एक सीधी गाड़ी सुपरफास्ट गाड़ी मिल जाएगी । मैं चाहूंगा कि ट्रैक्स के इलैक्ट्रीफिकेशन का काम भी बड़ी धीमी गति से चल रहा है इस साल आप 600 किलोमीटर करने जा रहे हैं पिछले साल 500 किलोमीटर किया गया । मुगलसराय से आसनसोल वाया पटना इस को अगर आप इलैक्ट्रीफाई कर दें । राजधानी एक्सप्रेस पटना हो कर के नहीं जाती है, डीलक्स नहीं जाती है मैं चाहूंगा कि यह भी पटना होकर के जाएं । एक बात मैं कहना चाहता हूं । मगध एक्सप्रेस केपिटल एक्सप्रेस कर के एक गाड़ी खुली थी तो ओवरनाइट पटना से दिल्ली आया करती थी । वह किस कारण से किस दबाव में आकर के विक्रमशिला एक्सप्रेस से जोड़ दी गई । अगर वह ट्रेन पटना राइट टाइम आई तो ठीक मगध एक्सप्रेस जो गाड़ी केपिटल टू केपिटल है उसका नतीजा यह होता है कि अकसर लेट हो जाया करती है । इसलिए मैं चाहूंगा कि पटना से दिल्ली जो गाड़ी थी उसको पटना से दिल्ली ही रहने दें, विक्रमशिला अगर भागलपुर से दिल्ली तक आती है तो उस में कोई हर्ज नहीं है । उसमें भी एक पैंट्री कार लगी रहती थी । दुर्भाग्यवश उस पैंट्री कार को विदड्रा कर लिया गया है । मैं समझता हूं कि आप हमारे उस क्षेत्र की इन सब बातों पर ध्यान देंगे । जो विकास की सुविधा देने की मंशा है इससे हम सब लोगों में काफी खुशी आई है । इन्हीं शब्दों के साथ मैं समाप्त करता हूं ।

*SHRI NARAYAN KAR (Tripura): Mr. Vice-Chairman, Sir, Shri Sukomal Sen from my Party spoke about the viewpoint of my Party on the present Railway Budget. I shall confine my observations to the reactions of eight States in the North Eastern Region on the present Railway Budget. I shall also narrate what the Central Government has done so far for the development of railway communication in the North Eastern Region.

Sir, you know that the North Eastern Region has eight States, namely, Tripura, Assam, Mizoram, Nagaland, Arunachal Pradesh, Meghalaya and Manipur. The present Railway Budget has disappointed the people of these eight States. They have serious grievances about it. After thirty-nine years of independence the Railway Budget is being presented to us. We shall find that even after such a long period only Guwahati the capital of Assam, has got railway links with the rest of the country. The capitals of other States in the North Eastern Region do not yet have railway links with the rest of the country. These States are economically very backward. They are inhabited by tribal population. No industrial development

*English translation of the original speech delivered in Bangla.

[Shri Narayan Kar]

has taken place there. Jhum method of cultivation of feudal days is still being practised by the tribal people there. These eight States are also border States of India. We know that imperialist forces are trying to establish their bases there. Therefore, in the interests of defence of the country, it was necessary to connect these eight States with the rest of the country through railway system.

Our country has 77000 km. railway track. Out of this, North Eastern Region has 2357 km. railway track. Out of this 2357 km. railway track, 2087 km. is Metre Gauge and 268 km. is Broad Gauge. This statistics shows to what extent the States in the North Eastern Region are lagging behind in the development of railway communication. It is difficult to find the North Eastern Region in the Railway Map of India.

Tripura, my State, has 34 km. railway line. Nagaland has only 9 km. railway line. Major portion of the railway line in the North Eastern Region is within the State of Assam. Therefore, these eight States in the North Eastern Region have serious grievances against the present Railway Budget as it has not given them anything. In fact, the present Railway Budget has pained the people of the North Eastern Region. The people of this region protest today against this kind of deprivation and neglect which the Congress(I) Government at the Centre has been pursuing as a matter of policy.

Sir, according to the request of the North Eastern Council, a project report was prepared in 1978 for the construction of 33 km. railway line from Dharmanagar to Kumarghat. At that time the estimated cost for this project was Rs. 8 crores 50 lakhs. It was said that this 33 km. railway line would be completed by 1984. But this railway line has been completed only upto 22 km. in 1986 and now the estimated cost has escalated to Rs. 37 crores 10 lakhs. Therefore, 11 km. line remains to be constructed and for this the budgetary allocation should have been Rs. 12 crores 44 lakhs. But in the present Budget, we find, only Rs. 5 crores have been allocated for this on-going project. If Rs. 10 crores are allocated in 1988-89 Railway Budget, and 12 future if allocation of money is made in this manner, this 33 km. railway line will be completed in 1991. It means that this project will be completed in thirteen years. Tripura will have 45 km. railway line when our country will celebrate 44th Anniversary of India's independence.

Sir, the capital of my State is 130 km. away from Kumarghat. Our Prime Minister and other leaders of the Ruling Party emphasise upon this point that they are leading the country towards Socialism. They take pride in the fact that India has made tremendous progress in science and technology. They also take pride in the fact that India has taken a great stride in industrial development. But there is one tribal-inhabited State in this country, namely, Tripura where the people will find that the railway line has reached the capital of their State when the country will celebrate 130 Anniversary of India's Independence. In this manner, the Central Government is depriving the people of the North Eastern Region of development of railway communication facilities. The people of this region have been living with this kind of deprivation and neglect.

The North Eastern Council requested the Central Government to have a survey for the construction of railway line from Agartala to Sabrum. But in the present Budget no provision has been made for that survey work.

Survey work for the extension of railway line to Agartala has been completed. But the Budget says nothing about the completion of this project during the period of the Seventh Five Year Plan.

Why do we demand railway line? As you know, Sir, the States in the

North Eastern Region are completely separated from the mainland. These States require cement and steel. The people of these States require essential consumer goods which are transported there from other parts of the country. Railway is the only means of transport for carrying goods to these States. But, unfortunately, these States do not have railway links with other parts of the country. Oil and Natural Gas Commission has discovered natural gas under the soil in this region. But the Government of India says that that natural gas cannot be utilised for industrial development in that region for want of railway communication there. On the same ground, according to the Government of India, the raw materials available there cannot be utilised for industrial development. Therefore, this region badly needs the development of railway communication.

Here many Members are there from the North Eastern Region. I would like to bring a matter to their notice. It is 452 km. from Guwahati to Dharmanagar. But the train takes 22 to 24 hours to cover this much distance. Therefore, the average speed of the train is 15 to 17 km. per hour. I have heard other Members in the House attentively. They have spoken about the extension of railway lines in their respective States. Can any Member say that there is a place in India where a train runs at the average speed of 15 to 17 km per hour even after thirty-nine years of independence. So this sort of obsolete track of British days is still being maintained between Guwahati and Dharmanagar. Besides, the passengers are required to change the train at Lumding on this line. We therefore, demanded a direct train from Guwahati to Dharmanagar. But the Budget is silent on our demand, although it has said about the introduction of some new trains. This is how the people of this region are being deprived of railway communication facility. I would again appeal to the hon. Minister to start a direct train from Guwahati to Dharmanagar.

According to present Budget, seven new railway lines will be constructed. But how many new railway lines are there for the North Eastern Region? Out of seven new railway lines, four have gone to Kerala. This has been done keeping in view the impending election in Kerala. So decisions on new railway lines are being taken out of political consideration. This sort of political decision will help the agents of imperialist forces who are very active in the North Eastern Region Central Government's policy based on political considerations is pushing the people of the North Eastern Region towards scession and separatism. Therefore, this kind of policy requires change.

The students and youth of Tripura staged Dharna before the Boat Club in Delhi on the 7th and 8th May last year for the construction of Railway line in Tripura. They met the then Railway Minister, Prime Minister and the Planning Commission. They all assured them that they would consider the construction of new railway line in Tripura next year. All Opposition leaders went to Boat Club and supported our demand. I would like to tell the Opposition leaders again that the present Railway Budget has created serious dissatisfaction among the people of Tripura. The Legislative Assembly of Tripura has passed a Resolution to the effect that a representative body of MLAs should meet the Railway Minister to plead the case of Tripura for railway development. I solicit the help of opposition leaders to strengthen the case of Tripura in this regard. I also solicit the help of all the Members of Parliament from the North Eastern Region to strengthen the demand of Tripura for railway development.

Seven hundred and four Panchayats have decided to send telegrams separately to the Prime Minister, asking him to give guarantee that the railway line upto Agartala will be ex-

[Shri Narayan Kar]

tended during the Seventh Five Year Plan period. I humbly submit to the hon. Railway Minister that the people of Tripura will not remain silent spectators if Tripura continues to be neglected in this manner in regard to development of railway communication. We have decided to start an agitation in support of our demand by April this year. I hope, the hon. Minister will not push the people of Tripura to the path of agitation With these words, I conclude.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH KUMAR SAHU): Shri Hashim Kidwai.

SHRI SUKOMAL SEN: Just one minute. He was speaking on behalf of the North-Eastern Railway. The hon. Minister did not hear him. He did not put on the earphone. The hon. Member was speakng in Bengali and he was making an important point. How can the Minister reply to his points?

SHRI MADHAVRAO SCINDIA: Everything is being recorded. I am a linguist.

डा० एम० हाशिम किदवई (उत्तर प्रदेश) : जनाब वाइस चेयरमैन साहब, मैं इस वक्त रेलवे बजट और रेलवे एप्रोप्रियेशन बिलों को सपोर्ट करने के लिये खड़ा हुआ हूं। पहले इससे कि मैं बजट के बारे में कुछ अर्ज करूं यह अर्ज करना चाहूंगा कि जिस अंदाज का यह बजट पेश किया गया है, वह सिर्फ बजट ही नहीं है बल्कि वह हमें यह दिखाता है कि हमारा मुल्क किस मंजिल की तरफ चल रहा है और अपने हर दिल अजीज वजीरे आजम राजीव गांधी की लीडरशिप में हमारा मुल्क किस तेजी से सोशिलिज्म के रास्ते की तरफ गामजन है, इसलिए अगर इस मौके पर अपने हिन्दुस्तानी भाइयों का जो के दुनियां की सबसे बड़ी जम्हूंरियत के सिटिजन्स है, को मुखातिब करके अगर यह शेर पेश करूं तो मेरे ख्याल में यह सूरते–हाल की सही आक्कासी होगी :

उठ के अब बज्मे जहां का और ही अन्दाज है,
मशरिको मगरिब में तेरे दौर का आगाज है।

यानी वह दिन दूर दहीं है, जब कि सिर्फ नोन-एलाइन कन्ट्रीज यानि-नावा-विस्ता मुल्कों की ही नहीं बल्कि सारी दुनियां की लीडरशिप हमारे हर दिल अजीज और नौजवान वजीरे आजम राजीव गांधी जी की कयादत में हमारा मुल्क करेगा। यह हमारी बड़ी खुशकिस्मती है कि हमारे वजीरे आजम ने एक ऐसे शख्स को रेलवे मिनिस्ट्री का सरबरहा या हेड चुना, जो अपनी एफिसियेन्सी या कारगुजारी में, इण्टिग्रेटी में और बेपनाह काम करने की की सलाहियत में इंतियाजी दर्जा रखते हैं। हम इस वक्त तहेदिल से उनको मुबारकवाद देते हैं कि उन्होंने ऐसा बजट पेश किया जिसमें मुल्क की जनता पर किसी किस्म का कोई भार नहीं डाला है बल्कि इस बजट के जरिए से हर किस्म की तरक्की हुई है। अगर हम यह कहें तो गलत न होगा कि रेलवे की ओवर-आल परफोरमेंस बहुत ही ज्यादा स्पैलेंडिड रही है और इसकी मिसाल बहुत कम मुल्कों में मिलेगी।

सबसे पहली बात हम लोगों की सोचने की यह है कि दुनियां का कोई भी मुल्क अपनी आजादी उस वक्त तक कायम नहीं रख सकता, जब तक कि वह एकोनामिक एतबार से बहुत मजबूत न हो। इस सिलसिले में रेलवे का जो कारनामा रहा है और अब है, वह काबिले-तारीफ है। मुल्क में आज जो इण्डस्ट्रिलाइजेशन हुआ है, और जिस हद तक मुल्क मुआशी एतबार से मजबूत हुआ हैं, उसमें रेलवे का बहुत बड़ा हाथ रहा है। आज जिस तरह से दुनियां की सबसे बड़ी पार्लियामेंटरी डेमोक्रेसी हिन्दुस्तान में है, और आबादी के लिहाज से भी हमारा मुल्क दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मुल्क है, उसी तरह से स्टेट ओनरशिप में हमारा रेलवे सिस्टम दुनिया का दूसरा और एशिया का सबसे बड़ा रेलवे सिस्टम है।

इसमें जो हमने तरक्की की है वह इस दर्जे है कि इसकी मिसाल दुनियां की तारीख में कहीं नहीं मिलेगी। सन् 1950–51 में हमारे डीजल इंजिनों की तादाद 17

थी वह 1985–86 में बढ़कर 3,047 हो गई है। इसी तरह से इलैक्ट्रिक लोकोमोटिव्ज की तादाद जो सन् 1950–51 में 72 थी 1985–86 में बढ़कर 1302 हो गई। 1950–51 में रेल डिब्बों की तादाद 1310 थी, यह 1985–86 में बढ़कर 27700 हो गई। इसी तरह से मालगाड़ी डिब्बों की तादाद जो 1950–51 में 2 लाख 5 हजार थी वह 1985–86 में बढ़कर 3 लाख 59 हजार 314 हो गई है। सबसे ज्यादा रेलवे पैसेंजर की तादाद बढ़ी है। पैसेंजर की तादाद 1950–51 में 1284 मिलियन थी वह 1985–86 में बढ़कर 3433 मिलियन हो गई है। इसी तरह से सबसे बड़ा कारनामा रेलवे का यह है कि, जिसके लिए हम अपने मिनिस्टर साहब को तहे दिल से मुबारकवाद देते हैं, रेलवे के जो टारगेट थे चाहे वे पैसेंजर ट्रेफिक के हों या क्रेट या सामान की ढुलाई के, इन सबको बड़ी कामयाबी के साथ न सिर्फ उन्होंने पार किया है, बल्कि उसमें बहुत ज्यादा वे आगे बढ़ गए हैं। मसलन फ्रेट में 9.38 मिलियन टन के टारगेट से ज्यादा रेलवे में सामान की ढुलाई हुई है। इसके लिए हमारे मंत्री जी दिली मुबारकबाद के मुस्तहक हैं।

[उपसभाध्यक्ष (श्री पशुपति नाथ मुकुल) पीठासीन हुए]

इसके साथ ही यह हम लोगों की बड़ी कोताही होगी अगर हम फिर एक बार मिनिस्टर साहब का शुक्रिया न अदा करें। इन सहूलियतों के बारे में जिनका उन्होंने ऐलान किया है। मसलन जिस तरह से उन्होंने हमारे मुल्क के जो शहीद लोग हैं, जो विधवाएं हैं जिन्होंने अपनी जानें दी हैं उनके लिए सहूलियतें दी है और इसी तरह से उन्होंने रिजर्वेशन में कप्यूटराइजेशन करके लोगों को सहूलियतें दी हैं, मंत्री जी दिली मुबारकवाद के मुस्तहक हैं।

इसके साथ ही अबचन्द तस्वीरें मिनिस्टर साहब के सामने पेश करना चाहता हूं और उम्मीद करता हूं कि वह इन पर खास गौर फरमाएंगे। सबसे बड़ा मसला यह है कि ट्रेनों में ओवर क्राउडिंग रोज ब रोज बढ़ती जा रही है। इसका एक हल यह हो सकता है कि बड़े स्टेशनों पर ट्रेनों की रवानगी से पहले कुछ डिब्बे जोड़ दिये जाएं इस तरह से भीड़ को कम किया जा सकता है। दूसरा मसला यह है कि अक्सर स्टेशनों पर इंक्वायरी आफिसेज सही काम नहीं करते। मसलन लखनऊ में और अलीगढ़ में अपने जाती तजुरबे की बिना पर अर्ज कर रहा हूं, जब भी उनसे, पूछा जाता है कि ट्रेन की क्या पोजीशन है और ट्रेन कब आ रही है तो वे जवाब नहीं देते। तो लिहाजा ऐसी कोई सूरत अखतियार करनी चाहिए कि इंक्वायरी स्टाफ वालों से पूरा-पूरा काम लिया जाए और मुझे खुशी है कि अलीगढ़ में जब इस किस्म की शिकायत मैंने मिनिस्टर साहब से की तो उन्होंने फ़ोरन ऐक्शन लिया और कुछ लोगों को सेस्पेंड भी किया। मुझे उम्मीद है कि इसी तरह की कार्यवाही भी दूसरे स्टेशनों पर की जाएगी ताकि लोग सही तौर से काम करें। इसी के साथ मेरा ऐसा सुझाव है कि ट्रेनों की रवानगी के वक्त स्टेशन स्टाफ के सीनियर लोग प्लेटफार्म पर आएं और सेकिंड क्लास के पैसेंजरों की कठिनाइयों को देखें और उन्हें दूर करें। दूसरी तजवीज यह है कि बाज फास्ट ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाई जाए जैसे टाटा रांची-काल्का एक्सप्रेस इन सबकी फ्रीक्वेंसी कम से कम एक दिन और बढ़ाई जाए।

जनाब महोदय, कुछ बदनसीब ट्रेने सीऐ भी हैं, जिन पर आज तक तवज्जह नहीं दी गई है। मसलन बरेली-अलीगढ़ लाइन जिसका फासला सिर्फ 104 मील है, लेकिन उसको तय करने में 7–8 घंटे लग जाते हैं। अलीगढ़ से बरेली और बरेली से अलीगढ़ पहुंचने में 7–8 घंटे का समय लग जाता है।

6 P.M. मिनिस्टर साहब इस गाड़ी की स्पीड बढ़ायें और कम से कम एक ट्रेन को एक्सप्रेस कर दें। मेरे लायक दोस्त कल्पनाथ राय साहब ने और दूसरे दोस्तों ने भटनी और बनारस की लाइन के बारे में कहा है। मुझे उम्मीद है कि मिनिस्टर साहब इस तरफ खास तवज्जो देंगे ताकि जल्दी से जल्दी बनारस-भटनी लाइन का मसला हल हो।

[डा० एम० हाशिम किदवई]

इसी तरह से चित्रकूट लखनऊ एक्सप्रेस गाड़ी का मसला है । उसका भी यही हाल है । वह भी बहुत देर से लखनऊ पहुंचती है और बहुत वक्त लेती है । जरूरत इसकी है कि इस वक्त को कुछ घटाया जाये और गाड़ी की स्पीड बढ़ाई जाये ।

रेलवे के प्लेटफार्मों पर सफाई की तरफ भी बहुत कम ध्यान दिया जाता है । सेकिण्ड क्लास के टायलेट, लेटरीन्स भी बहुत गन्दे होते हैं उन पर खास तवज्जो की जाये । हम लोगों का भी यह तजुर्बा है कि वेटिंग रूम्स में जो स्टाफ ड्यूटी पर होता है वह बहुत गंदा होता है । वहां पर काम करने वाले कर्मचारी बहुत गन्दे रहते हैं । जरूरत इसकी है कि इस पर खास तवज्जो दें ।

